ईमेल/फैक्स

अवमाननावाद सं0–3061/2020
अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0,
अनुभाग–5, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संख्याः R-838(b)/जी–5–46डी/2019 दिनांक 24.09.2021

विषयः तालाबों/झीलों एवं अन्य वॉटरबॉडीज पर हुए अतिकमण की स्थिति का आकलन किये जाने हेतु प्रारूप (सन् 1952 फसली वर्ष 1359 की स्थिति के अनुसार एवं पश्चात विभागवार अभिलेखों में दर्ज तालाब/झील/अन्य वाटरबाडीज की गाटावार स्थिति) में तत्काल कार्यवाही करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया परिषद पत्र संख्या–838/जी–5–46डी/2019, दिनांक 23.09.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जो कि मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित पी0आई0एल0 संख्या–1474/2019, सपोर्ट इण्डिया वेलफेयर सोसाइटी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय के पारित आदेश दिनांक 16.09.2019 के अनुपालन में आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है।

2– सूच्य है कि उक्त समिति की दिनांक 25.03.2021 को आहूत बैठक में मत स्थिर किया गया था कि तालाबों/झीलों एवं अन्य वॉटरबॉडीज पर हुए अतिकमण की स्थिति का आकलन किये जाने हेतु एक प्रारूप **(सन् 1952 फसली वर्ष 1359 की स्थिति के अनुसार एवं पश्चात विभागवार अभिलेखों में दर्ज तालाब/झील/अन्य वाटरबाडीज की गाटावार स्थिति)** (प्रतिलिपि संलग्न) का विकास किया जायेगा।

3– अवगत कराना है कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन0आई0सी) के सहयोग से उक्त प्रारुप का विकास कर लिया गया है, जो कि राजस्व परिषद के मुख्य पृष्ठ के वेबपेज पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर लिंक के विभिन्न टैब section के view all में जाकर login करने पर अन्तिम टैब में **(सन् 1952 फसली वर्ष 1359 की स्थिति के अनुसार एवं पश्चात विभागवार अभिलेखों में दर्ज तालाब/झील/अन्य वाटरबाडीज की गाटावार स्थिति)** के नाम से प्रदर्शित हो रहा है।

4– यह भी अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण में अवमानना वाद संख्या–3061/2020 मा0 न्यायालय में सुनवायी हेतु नियत है, जिसमें मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की ओर से प्रतिशपथ पत्र योजित किया जाना है एवं शासन के राजस्व अनुभाग–2 के पत्र सं0–रिट–427/एक–2–2021, दिनांक 23.09.2021 के द्वारा प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में तीन दिन के अन्दर आख्या मांगी गई है।

5– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करें, कि वह अपने–अपने मण्डल/जनपद से सम्बन्धित सूचना तत्काल राजस्व परिषद के मुख्य पृष्ठ के वेबपेज पर प्रदर्शित प्रारूप में ऑनलाइन दर्ज कराना सुनिश्चित कराये।

september month

Scanned with CamScanner

# सन्1952 फसली वर्ष 1359 की स्थिति के अनुसार एवं पश्चात विभागवार अभिलेखों में दर्ज तालाब/झील/अन्य वॉटरबॉडीज की गाटावार स्थिति

| क्र0 सं0 | जनपद | तहसील | ग्राम | फसली वर्ष 1359 के अनुसार तालाब / झील/ अन्य वॉटर बॉडीज की गाटा सं0 | फसली वर्ष 1359 के अनुसार तालाब / झील/ अन्य वॉटर बॉडीज के गाटे का कुल क्षे0 (हे0) | फसली वर्ष 1359 के पश्चात नये खुदवायें गये तालाबों की गाटा संख्या | फसली वर्ष 1359 के पश्चात नये खुदवाये गये तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज के गाटे का कुल क्षे0 (हे0) | चकबन्दी प्रकिया के पश्चात तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज की परिवर्तित गाटा सं0 | चकबन्दी प्रकिया के पश्चात तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज के गाटे के कुल क्षे0 (हे0) | तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज के प्रबन्ध कर्ता/ विभाग का नाम | दिनांक 01.04. 2021 को तालाब / झील/ अन्य वॉटर बॉडीज का अति क्रमित कुल क्षे0 (हे0) | माह में तालाब / झील/ अन्य वॉटर बॉडीज का अति क्रमण से मुक्त कराया गया कुल क्षे0 (हे0) | कमिक रुप से तालाब /झील /अन्य वॉटर बॉडीज का मुक्त कराया गया कुल क्षे0 (हे0) | तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज का अवशेष अति कमण कुल क्षे0 (हे0) | अति क्रमण कर्ता का नाम | अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध की गयी कार्यवाही | | | अवशेष अतिक्रमित तालाब/ झील/ अन्य वॉटर बॉडीज को मुक्त नही कराने का कारण | तालाब /झील /अन्य वॉटर बॉडीज का फोटो ग्राफ्स दिनांक सहित जिस पर अति क्रमण दर्शाता हो | यदि अतिक्रमण मुक्त हुआ है तो अतिक्रमण मुक्त तालाब /झील/ अन्य वॉटर बॉडीज का फोटोग्राफ स दिनांक सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | राजस्व वाद संख्या | यदि अपराधिक धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी है तो दर्ज FIR की वर्तमान स्थिति | ए0बी0 एम0पी0 पोर्टल पर दर्ज संदर्भ सं0 | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| जनपदवार योग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| प्रदेश का कुल योग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

Scanned with CamScanner